अमेरिका व मैक्सिको के साथ एआइ पर काम करेगा यूपीएसआइएफएस

राब्यू, जागरण, लखनऊ: उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फारेंसिक साइंस (यूपीएसआइएफएस) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में अमेरिका, मैक्सिको व खाड़ी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। यूपीएसआइएफएस में रविवार को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उभरती तकनीकें और कानूनी नियम' विषय पर आयोजित कार्यशाला में संस्थान के निदेशक डा. जीके गोस्वामी ने कहा कि इंस्टीट्यूट अमेरिका, मैक्सिको और खाड़ी देशों के विश्वविद्यालयों के साथ भी मिलकर एआइ से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्य करेगा। कार्यशाला में इजराइल की राजनयिक माया शेरमन ने कहा कि एआई की निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें